हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 20 सितंबर 2025

04 स्वच्छता महाअभियान के लिए कसी कमर...



07 विजयपुर में खाद नहीं मिलने से भड़के...





## खबर संक्षेप

### आज से होगा तीन दिवसीय महाराजा अग्रसेन की जयंती महोत्सव का आगाज

**सागर।** महाराजाधिराज अग्रसेन महाराज की 5149 जयंती पर अग्रवाल समाज सागर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ दिनांक 20 सितंबर दिन शनिवार से मकरोनिया स्थित वृंदावन गार्डन होगा। अग्रवाल विकास सभा के सचिव मोहन अग्रवाल ने अग्रसेन जयंती महोत्सव की जानकारी देती हो बताया कि दिनांक 20 सितंबर दिन शनिवार को दोपहर के समय बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता एवं महिलाओं के लिए इंगेजमेंट रिंग प्लेटर प्रतियोगिता आयोजित की गई है इसी दिन शाम के समय 10 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए मोबाइल का दैनिक जीवन पर प्रभाव विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता रखी गई है एवं युगल के लिए स्टैंड अप कॉमेडी फॉर कपल प्रतियोगिता की गई है। जयंती महोत्सव के द्वितीय दिवस 21 सितंबर दिन रविवार को दोपहर में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों के लिए बेस्ट टू वेस्ट मटेरियल एवं कक्षा 6 से 10 तक के बच्चों के लिए तीन पीढ़ियों को दर्शाते हुए फैमिली ट्री जनरेशन विषय पर आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इसी दिन शाम को समाज की वरिष्ठ महिलाओं के लिए फूल-माला बनाओ प्रतियोगिता एवं बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखी है। जयंती महोत्सव के आखिरी दिन महाराजा अग्रसेन जी के पावन अवसर पर शाम 7 बजे से महाराजा अग्रसेन जी का आरती पूजन, प्रतिभा सम्मान समारोह, पारंपरिक गरबा नृत्य का आयोजन एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

### 5 हेक्टेयर गोचर की भूमि से अतिक्रमण हटाया

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर बड़ी कार्यवाही करते हुए ग्राम बम्होरी बीका ग्राम से तीन करोड़ की 5 हेक्टेयर गोचर की भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। तहसीलदार राहुल गौड़ ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर अतिक्रमण एवं माफियाओ पर कार्रवाई की जा रही है, इसी परिपेक्ष्य में आज बमोरी बीका ग्राम में बड़ी कार्रवाई करते हुए गोचर की भूमि जो की ग्राम वासियों द्वारा कब्ज की गई थी आज पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई।

### स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तीसरे दिन निकाय क्षेत्र के वार्ड क्र.9/12 में इस अभियान में स्वच्छता प्रभारी, आईईसी टीम एवं सफाई मित्रों की टीम ने अपना सहयोग दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीवन यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी को देखने भाजपा कार्यालय पहुंच रहे हैं आमजन

## मोदी ने विकसित भारत 2047 का जो विज़न दिया है, वह केवल नारा नहीं, बल्कि भारत को नई दिशा देने वाला संकल्प है : शैलेंद्र जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नरेंद्र मोदी सिर्फ भारत के ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं में गिने जाते हैं। यह लोकप्रियता सिर्फ चनुावी जीतों से नहीं आती, यह आती है लोगों के दिल में बसे विश्वास से। यह बात विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीवन यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन पाश्चात्य कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सेवा पखवाड़ा टोली जिला संयोजक जगन्नाथ गुरैया ने किया एवं आभार जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने व्यक्त किया।विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की लोकप्रियता का आधार है, उनकी ईमानदारी, कड़ी मेहनत और गरीब कल्याण के लिए समर्पण जिसे चरितार्थ करते हुए प्रधानमंत्री ने गरीब कल्याण को सर्वोपरि मानकर कई ऐतिहासिक योजनाएँ जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, हर गरीब को पक्का घर, उज्ज्वला योजना, माताओं-बहनों को धुएँ से मुक्ति,



आयुष्मान भारत, गरीब परिवारों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसानों को सीधे आर्थिक सहायता, जनधन योजना, करोड़ों गरीबों के बैंक खाते खोलकर आर्थिक सशक्तिकरण ऐसे अनेकों कार्यक्रमो के द्वारा करोड़ो जरूरतमंद लोगो को आवास, नल से जल, स्वास्थ्य, बैंकिंग, शिक्षा और रोजगार के नए अवसर प्राप्त हुए।

विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि 2014 में लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एन.डी.ए.ने मोदी के नेतृत्व में एक रिकॉर्ड बनाया था, क्योंकि भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला। इसके बाद इसी तरह 2019 में हुए चुनाव के दौरान एक बार फिर मोदी ने इतिहास रचते हुए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। 2024 के लोकसभा चुनावो में मोदी जी के कुशल नेतृत्व में एन.डी.ए.को बहुमत प्राप्त हुआ और मोदी एक मात्र दूसरे प्रधानमंत्री है जो लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में देश सेवा का कार्य कर रहे है। लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनकर मोदी ने न केवल देश को राजनीतिक स्थिरता प्रदान की, बल्कि भारत को वश्विंक मच पर एक सशक्त आवाज दी। मोदी ने विकसित भारत 2047 का जो विज़न दिया है, वह केवल नारा नहीं, बल्कि भारत को नई दिशा देने वाला संकल्प है। आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया,मेक इन इंडिया, स्वच्छ भारत और स्वदेशी कोअपनाने जैसे अभियानों ने देश की नई पहचान बनाई है।

प्रदर्शनी कार्यक्रम प्रभारी निकेश गुप्ता ने जानकारी देते बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन यात्रा पर प्रदर्शनी लगाई गई प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी के बचपन से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक की यात्रा को आकर्षक चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है। जिसे देखने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ आमजन भी भाजपा कार्यालय निरंतर पहुंच रहें हैं। इस दौरान देवेन्द्र कटारे,विक्रम सोनी, अंशुल परिहार, प्रासुक जैन, नितिन सोनी, रामेश्वर नेमा, निखिल अहिरवार, प्रणव कनौआ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



## रक्तदान से जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सकती है : हीरा सिंह राजपूत

**सागर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सुरखी विधानसभा के जैसीनगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत जैसीनगर में आयोजित रक्तदान शिविर में सम्मिलित हुए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। हमारे प्रधानमंत्री ने देश को हर कड़ी में अग्रणी बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में देश को सेवा समर्पण और लोक कल्याण की दिशा में आगे बढ़ाया है। उनके प्रेरणादायी व्यक्तित्व से सीख लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता समाज हित के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने आगे कहा कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्य से न केवल जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है बल्कि युवा पीढ़ी को भी समाज के प्रति उत्तरदायित्व का बोध होता है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने रक्तदान को सर्वोत्तम दान बताते हुए कहा कि यह अभियान मोदी जी के जन्मदिन को सार्थक बनाने के साथ-साथ सेवा पखवाड़े की भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा किए गए रक्तदान से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का निस्वार्थ सेवा भाव हम सबके लिए प्रेरणा है। उनका जनता के प्रति समर्पित रहना, यह बतलाता है कि वह हर समय देश के प्रत्येक नागरिक के हित के बारे में विचाराधीन रहते हैं। सीएमएचओ डॉक्टर ममता तिमोरे ने कहा कि रक्तदान जरूरतमंद मरीजों के लिए संजीवनी की तरह है इससे सैकड़ो लोगों की जान बचाई जा सकतीहै। शिविर में जिन लोगों ने रक्तदान किया है उसे जिला अस्पताल में रक्त आपूर्ति होगी जो आवश्यकता पड़ने पर उपयोग किया जाएगा। शिविर में पूर्व मंडल अध्यक्ष हरनाम सिंह, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल, विक्की जोशी, राघवेंद्र यादव, हल्ले भाई, विनोद सोनी पत्रकार, निरंजन सिंह राजपूत, सरपंच हेमंत सिंह राजपूत,शामिल थे।



## गरबे की उमंग में गूंजा आत्मनिर्भर भारत का संदेश, स्वदेशी का संकल्प दिलाया

**सागर।** मकरोनिया में आयोजित स्वर्णिम सांस्कृतिक सनातन गरबा महोत्सव में नृत्य और उल्लास के साथ आत्मनिर्भर भारत का संदेश भी गूंजा। स्वावलंबी भारत अभियान और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में लोगों ने स्वदेशी वस्तुएं अपनाने का संकल्प लिया। प्रांत युवा आयाम टोली सदस्य सौरभ रांधेलिया ने कहा—जब बाजार जाएंगे, सामान स्वदेशी लाएंगे। हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी। उन्होंने कहा कि देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करने से उद्योग और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। स्वदेशी अपनाना आत्मनिर्भर भारत का सबसे बड़ा साधन है। गरबा महोत्सव में बड़ी संख्या में लोगों ने हाथ उठाकर विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार और स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया। संकल्प के समय पंडाल वन्दे मातरम् और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। जिला प्रशिक्षक रविन्द्र ठाकुर ने कहा कि हम दिन की शुरुआत से ही जिन वस्तुओं का उपयोग करते हैं, उनमें विदेशी कंपनियों की पकड़ बढ़ चुकी है।

## पथ विक्रेताओं को लोक कल्याण मेले में बैंक से ऋण दिलाने आवेदन पुनः प्रारंभ

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार शासन द्वारा संचालित पी.एम. स्वनिधि योजनांतर्गत नगर निगम क्षेत्र के पथ विक्रेताओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों से ऋण दिलाने हेतु ''लोक कल्याण मेला'' आयोजित किया गया, जिसमें नगर निगम क्षेत्र के पथ विक्रेताओं को ऋण हेतु पुनः आवेदन प्रारंभ हो गये है। पथ विक्रेता किसी भी आनलाइन सेंटर से या निगम कार्यालय आकर आनलाइन आवेदन जमा कर कर सकते है एवं जिनके आवेदन द्वितीय एवं तृतीय चरण हेतु लंबित हैं वे अपने दस्तावेज लेकर सीधे बैंक से संपर्क कर अपना ऋण स्वीकृत करा सकते है।

## वर्तमान समय में रोजगार का रास्ता स्व रोजगार से होकर निकलता है: डॉ जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

प्रधानमंत्री कॉलेज का शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया, सागर मध्य प्रदेश के स्वामी विवेकानंद के लिए मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया, यह कार्यक्रम 12 अगस्त से 18 सितंबर तक संचालित किया गया 1

समापन सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए सी जैन, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के जिला नोडल डॉ. अमर कुमार जैन एवं जिला रोजगार अधिकारी अंगूरी ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर एवं विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई सरस्वती वंदना से प्रारंभ किया गया।

कार्यक्रम प्रभारी आर सी प्रजापति में प्रशिक्षण का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम स्नातक द्वितीय तृतीय एवं स्नातकोत्तर के चयनित 50 विद्यार्थियों ने सफलता पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त किया इसके पश्चात प्रतिभा मौर्य, ऋषिका तिवारी, ऋषि राज दागी कुंती, रजक प्रद्युम्न दुबे ने अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि उन्होंने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से न केवल संचार कौशल, औपचारिक पहनावा, कंप्यूटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षा में आने वाली मैथ्स रीजनिंग, एप्टीट्यूड रीजनिंग



,एनालिटिकल रीजनिंग, मैथ मेटिकल एप्टीट्यूड तथा मॉक इंटरव्यू जैसी सत्र आयोजित किए गए। जिससे उन्हें आगे बढ़ने के लिए संबल प्राप्त हुआ, और उनका आत्मविश्वास बड़ा है, स्वामी विवेकानंद के लिए मार्गदर्शन योजना के जिला नोडल डॉ अमर कुमार जैन ने कहा कि वर्तमान समय में रोजगार का रास्ता स्वरोजगार से होकर निकलता है।

शासन के पास नौकरियां सीमित होती है जबकि स्वरोजगार में असीमित संभावना होती है इसलिए विद्यार्थियों को अपना स्वयं का रोजगार प्रारंभ करके दूसरे लोगों को रोजगार देने का कार्य करना चाहिए । रोजगार की तैयारी विद्यार्थी को 12वीं के बाद से ही प्रारंभ कर देना चाहिए जिससे ग्रेजुएशन होते होते वह रोजगार के क्षेत्र में अपना लक्ष्य प्राप्त कर सके। जिला रोजगार अधिकारी अंगूरी ठाकुर ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहां की यह सभी प्रशिक्षण बाजार में उपलब्ध कार्य एवं मांग की अनुरूप दक्षता संवर्धन के लिए शासन द्वारा कराए जाते हैं, जो उन्हें निश्चित ही रोजगार प्राप्त करने में सहायक होते हैं ।

सहभागिता करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करने के पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए सी जैन ने कहा कि शासन द्वारा सदैव विद्यार्थियों को कौशल तथा उनकी दक्षता संवर्धन के लिए निरंतर प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित कराया रहा है, जिससे विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त करने में सहायता प्राप्त हो सके। 22 सितंबर सोमवार को आयोजित हो रहे एक दिवसीय करियर अवसर मिले तथा युवा संगम कार्यक्रम में उपस्थित हो रहे कंपनियों के प्रतिनिधियों के सभी विद्यार्थियों को साक्षात्कार कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया। अंत में कार्यक्रम प्रभारी आर सी प्रजापति द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



## सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत ट्रायसिकल दी

गढाकोटा। सेवा पखवाड़े के तृतीय दिवस पर नगर के शिवाजी वार्ड में वृद्ध महिला राधिका गुरु उम्र 78 वर्ष को ट्रायसिकल प्रदान की ।साथ ही वृध्द कुसुमरानी गुरु उम्र 83 वर्ष को पेंशन दिलाने हेतु हर संभव प्रयास करते हुए उनको योजना का लाभ दिलवाया। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने बताया कि सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य केवल सफाई तक सीमित नहीं बल्कि समाज में स्वच्छता, स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश फैलाना भी है ।पैरों से लाचार वृद्ध महिला को उन्हें यह सहायता उनके जीवन को सरल बनाने के उद्देश्य से प्रदान की गई। तथा उनके घर मैं स्वयं एवं नगर पालिका कर्मचारियों के साथ जाकर ट्रायसिकल प्रदान की।



## उन्नत अनुसंधान केंद्र में कार्यशाला का आयोजन

**सागर ।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में, उन्नत अनुसंधान केंद्र (सीएआर) के द्वारा कन्फोकल लेजर स्कैनिंग माइक्रोस्कोप (सीएलएसएम) पर एक दिवसीय हैंड्स ऑन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रषिक्षण में कुल 30 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्नत अनुसंधान केंद्र की मुख्य समन्वयक, प्रोफेसर श्वेता यादव की पहल पर सीएआर में उपलब्ध विभिन्न परिष्कृत उपकरणों पर कार्यशालाओं का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। डॉ. विवेक कुमार पांडे (प्रभारी, सीएआर) ने सीएआर के संक्षिप्त परिचय के साथ सत्र की शुरुआत की और ऐसे कार्यक्रमों के महत्व के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी । व्याख्यान सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. प्रियोनील बासु के द्वारा बताया गया कि सीएलएसएम एक महत्वपूर्ण इमेजिंग तकनीक है, जिसका उपयोग जीवविज्ञान, नैनोटेक्नोलॉजी और मटेरियल साइंस जैसे क्षेत्रों में किया जाता है। पारंपरिक लाइट माइक्रोस्कोप की तुलना में सीएलएसएम, लेजर लाइट और पिनहोल का उपयोग करके केवल एक बिंदु पर ध्यान केंद्रित करता है और सैम्पल की प्रत्येक परत से चित्र कैप्चर करता है। इससे शोधकर्ताओं को सैम्पल के त्रिआयामी चित्र प्राप्त करने में मदद मिलती है। जीवित कोशिकाओं और ऊतकों का अध्ययन करते समय शोधकर्ताओं को कोशिकाओं के अंदर की जैव-रासायनिक क्रियाओं जैसे प्रोटीन का स्थान और जीन अभिव्यक्ति को वास्तविक समय में देखने की सुविधा प्रदान करता है। सीएलएसएम का प्रयोग मटेरियल साइंस में नैनोमैटेरियल्स, कोटिंग्स और पतली परतों आदि का विश्लेषण करने के लिए किया जा सकता है। इस तकनीक के माध्यम से शोधकर्ता सैम्पल की सतह परिष्करण, दोष, और परतों का विश्लेषण कर सकते हैं। हैंड्स ऑन सत्र श्री शिवप्रकाश सोलंकी द्वारा सीएलएसएम के हार्डवेयर भाग और इसके सहायक उपकरणों के संक्षिप्त परिचय के साथ शुरू हुआ। विभिन्न पृष्ठभूमियों के सैम्पल विश्लेषण करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को सैम्पल तैयार करने, उसके विश्लेषण से लेकर डेटा व्याख्या तक की पूरी जानकारी प्रदान की गई। डॉ. प्रियोनील बासु ने प्रतिभागियों की रुचि के क्षेत्र से संबंधित प्रश्नों पर विचार किया । समापन सत्र में प्रतिभागियों से कार्यषाला के बारे में प्रतिक्रियाएं ली गईं। सीएलएसएम पर संपूर्ण व्यावहारिक सत्र सीएआर तकनीकी टीम के डॉ. विवेक कुमार पांडे, शिवप्रकाश सोलंकी, सौरभ साह, अरविंद चडार और चंद्रप्रकाश सैनी की तकनीकी देखरेख में आयोजित किया गया।


हमले का एक आरोपी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी अब भी फरार

# वनरक्षक पर हमले के मामले में वन विभाग एक्शन मोड में आया, फर्नीचर मार्ट पर की छापामार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

दक्षिण वन मंडल के देवरी परिक्षेत्र अंतर्गत बघवारा बीट में विगत मंगलवार रात्रि बीट गार्ड पर सागौन तस्करों के हमले की घटना के बाद वन विभाग एक्शन मोड में है। नवागत परिक्षेत्र अधिकारी की अगुवाई में सागौन तस्करों के नेटवर्क को खंगालने में जुटे वन अमले ने देवरी नगर के खंडेराव वार्ड स्थित एक फर्नीचर मार्ट पर छापामार कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में सागौन जब्त कर दुकान को सील कर दिया है।

विदित हो कि विगत मंगलवार रात्रि में गस्त के दौरान परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बघवारा के समीप बीट गार्डो द्वारा मोटर साईकिल पर अवैध सागौन परिवहन कर रहे 4 सागौन तस्करों को रोका गया था। जिनके द्वारा बीट गार्ड राजबहादुर ठाकुर एवं उमाशंकर पटैल पर हमला किया गया एवं उसे जातिगत अपमानित कर जान से मारने की धमकी दी गई। इस हमले में आरोपी श्रीराम पटैल निवासी रसेना द्वारा दोनाली बंदूक की बट से हमला कर बीटगार्ड राजबहादुर ठाकुर को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया एवं बंदूक की घोंस दिखाते हुए 3 आरोपी मौके से फरार हो गये। सुचना मिलने के बाद मामले में कार्रवाई करते हुए परिक्षेत्र अधिकारी श्री जय प्रकाश प्रशिक्षु आईएफएस





द्वारा घटना की सूचना महाराजपुर पुलिस को दी गई एवं थाना में आरोपियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई। मौके से गिरप्तार किये गये आरोपी बसंत विश्वकर्मा से वन अधिकारियों द्वारा पूछताछ की गई जिसमें उसके द्वारा सागौन तस्करी की बात स्वीकार करते हुए सप्लाई प्राप्त करने वाले फर्नीचर मार्टो की अहम जानकारी दी गई है। जिसकों लेकर वन विभाग तस्करों पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी में जुटा है।

### 4 आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज

मामले में महाराजपुर थाना पुलिस द्वारा घायल बीट गार्ड राजबहादुर सिंह ठाकुर पिता श्रीराम सिंह ठाकुर उम्र 36 साल निवासी तिरूपति पुरम तिली वार्ड सागर हाल वनरक्षक बघवारा की रिर्पोट पर श्रीराम पटैल निवासी रसेना, बसंत विश्वकर्मा एवं 2 अन्य के विरूद्ध अपराध क्रमांक 153/25 धारा 296, 115 (2), 351 (2) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस द्वारा मामले में वांछित आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

### फर्नीचर मार्ट पर छापा मारा

वनकर्मी पर हमले के बाद सागौन तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई में जुटे वन अमले द्वारा परिक्षेत्र अधिकारी श्री जय प्रकाश प्रशिक्षु आईएफएस की अगुवाई में देवरी नगर के खंडेराव वार्ड स्थित अजय बुडन फर्नीचर पर छापामार कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में सागौन जब्त की गई है। मामले में परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि फर्नीचर मार्ट की जांच में कई गंभीर गड़बड़ियां सामने आई है। मौके पर जांच में पाया गया कि फर्नीचर मार्ट संचालक द्वारा विभाग द्वारा निर्धारित स्थान से पृथक अपने आवास से फर्नीचर का निर्माण कराया जा रहा था। विभाग द्वारा उक्त आवास से लगभग 13 घन मीटर सागौन जब्त किया गया है जिसकी बाजारू कीमत लगभग 7 लाख रूपये बताई गई है। मामले विभाग द्वारा फर्नीचर मार्ट को सील कर संचालक को जांच में मिली अनियमितताओं के संबंध में नोटिस जारी किया गया है।

### सुबह 8 से 9 बजे तक चलेगी सामूहिक सफाई, सब मिलकर बदलेंगे शहर की तस्वीर

# स्वच्छता महाअभियान के लिए कसी कमर, 25 सितम्बर को साफ होंगे 20 सबसे गंदे स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शहर की साफ-सफाई और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए 25 सितंबर को टीकमगढ़ में एक विशाल स्वच्छता महाअभियान चलाया जाएगा। नगर पालिका ने इसके लिए शहर के 20 सर्वाधिक गंदे स्थानों को चिह्नित किया है। सुबह 8 से 9 बजे तक इन सभी स्थानों पर सामूहिक सफाई अभियान चलाकर साफ-सुथरा माहौल बनाने का प्रयास किया जाएगा। यह महाअभियान स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित किया जा रहा है, जो 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिलेभर में मनाया जा रहा है। इस विशेष अभियान की जानकारी नगर पालिका के सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने शुक्रवार को आयोजित बैठक में दी।

#### घर, दुकान सहित सार्वजनिक स्थल का भी ध्यान रखना असली मकसद

सीएमओ भदौरिया ने बताया कि भारत सरकार के निर्देश पर यह महाअभियान आयोजित हो रहा है। इसमें शहर के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। सामाजिक और धार्मिक संगठन, स्कूली बच्चे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सामाजिक समूह, मीडिया कर्मी, अधिकारी-कर्मचारी और जनप्रतिनिधि इस महाअभियान में शामिल होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सिर्फ सफाई करना नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक करना है। नगरवासी अपने घर और दुकान के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों पर भी स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। यही इस अभियान की सफलता का असली मकसद है।



#### सामाजिक सहयोग से जुटेगा संसाधन

इस महाअभियान के लिए शासन या नगर पालिका की ओर से अलग से कोई बजट निर्धारित नहीं किया गया है। इसे पूरी तरह सामाजिक सहयोग से संचालित किया जाएगा। मेडिकल स्टोर संगठन ने सफाई में शामिल होने वाले लोगों को ग्लव्स और मास्क उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। वहीं व्यापारी वर्ग ने भी हर संभव मदद देने का भरोसा जताया है।

#### 20 स्थानों पर तैनात होंगी विशेष टीमें

नगर पालिका ने शहर के उन 20 प्रमुख स्थानों को चुना है, जहां गंदगी सबसे ज्यादा पाई जाती है। इन स्थानों पर अलग-अलग टीमों की नियुक्ति की गई है। टीमें सामूहिक रूप से सफाई कार्य करेंगी। इसके साथ ही नागरिकों से अपील की जाएगी कि वे इन स्थानों को हमेशा स्वच्छ रखें और गंदगी फैलाने से बचें।

#### प्रशासन और समाज की साझा जिम्मेदारी

अभियान के दौरान कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। प्रशासन और समाज की इस साझा भागीदारी से उम्मीद जताई जा रही है कि यह महाअभियान टीकमगढ़ शहर को स्वच्छता की नई पहचान देगा। नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ एक दिन का काम नहीं बल्कि जनजागरूकता का सतत अभियान है। 25 सितंबर को होने वाले महाअभियान से यह संदेश पूरे शहर में गूंजेगा कि स्वच्छता ही असली सेवा है।

### नशे के खिलाफ विशेष अभियान

## ऑपरेशन नशामुक्तिः 46 आरोपी गिरफ्तार, 214 लीटर शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़




जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन नशामुक्ति के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 46 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान 214 लीटर अवैध शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत लगभग 67 हजार 170 रुपए आँकी गई है। यह अभियान 1 सितंबर से 15 सितंबर तक जिलेभर में संचालित किया गया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन पर शुरू किए गए इस अभियान में नशे के कारोबार पर पूरी सख्ती से शिकंजा कसा गया। अभियान के दौरान थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मुखबिर तंत्र को सक्रिय रखें, सीमावर्ती इलाकों में औचक चेकिंग करें तथा पूर्व से अवैध शराब कारोबार में संलिप्त लोगों पर कड़ी निगरानी बनाए रखें। इस अभियान को सफल बनाने में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा तथा एसडीओपी टीकमगढ़ और जतारा के नेतृत्व में जिलेभर की पुलिस टीमों ने समन्वित प्रयास किए। पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा रहा। ऑपरेशन नशामुक्ति के तहत कुल 46 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। सभी मामलों में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अवैध शराब और नशे से दूर रहें। उन्होंने कहा कि समाज तभी स्वस्थ और सुरक्षित बन सकता है, जब लोग नशे की लत को त्यागकर नशामुक्ति की ओर कदम बढ़ाएँ और पुलिस का सहयोग करें।

#### बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को कराया चालू

**गंजबासौदा।** नगर के पचमा बायपास मार्ग पर हैंडपंप के सामने विद्युत खंभे पर लगी स्ट्रीट लाइट कई माह से बंद पड़ी हुई थी। जिसे नगरपालिका विद्युत ठेकेदार द्वारा चालू करा दिया गया है। जिससे वार्डवासियों को आवागमन के दौरान होने वाली परेशानियों से निजात मिल गई। यहां उल्लेखनीय है कि स्ट्रीट लाइट बंद होने से रात के समय अंधेरा पसरा रहता था। अंधेरे का फायदा उठाकर शराबी गलियों के किनारे खड़े रहते थे और आने जाने लोगों के साथ अभद्रता करते थे।

### मानवता का मिसाल बने अर्पित पिपरसानिया

## किडनी मरीज रवीन्द्र जैन की मदद को आगे आए अमेरिका प्रवासी, दिया आर्थिक संबल

डॉक्टरों से भी की मरीज को पूर्ण सहयोग की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जैन समाज के सदस्य श्री रवीन्द्र जैन, मूल निवासी खनियाधाना और वर्तमान में नंदीश्वर कॉलोनी, टीकमगढ़ निवासी, इन दिनों गंभीर स्वास्थ्य संकट से गुजर रहे हैं। उनकी दोनों किडनियाँ खराब हो चुकी हैं और हाल ही में टीकमगढ़ अस्पताल से उन्हें ग्वालियर रेफर किया गया। आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर होने के कारण परिवार उपचार के लिए भारी कठिनाइयों का सामना कर रहा था। ऐसे कठिन समय में अमेरिका में निवासरत भैया अर्पित पिपरसानिया जी ने बड़ा मानवीय कदम उठाते हुए मरीज के दामाद श्री सुरेश चंद्र जैन और उनके पुत्र से बातचीत कर पूरी स्थिति समझी और तत्काल एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। भैया अर्पित पिपरसानिया ने परिवार को आश्वासन दिया है कि ग्वालियर अस्पताल में यदि डॉक्टरों द्वारा किसी प्रकार की दिक्कत या सहयोग की कमी आती है, तो वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने डॉक्टरों से भी अपील की कि मरीज के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और पूर्ण सहयोग दिया जाए। यह संवेदनशील कदम न केवल मानवता और करुणा का प्रतीक है बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणा भी है कि किसी की जान बचाने के लिए हर व्यक्ति को अपनी क्षमता अनुसार सहयोग के लिए आगे आना चाहिए।



#### रक्तदान मानवता की सेवा का पुनीत कार्यः अनुज खटीक

**पलेरा।** स्वैच्छिक रक्तदान से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है और यह एक महान सेवा है। रक्तदान जीवनदान है। यह विचार व्यक्त करते हुए जतारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश महामंत्री हरीशंकर खटीक के पुत्र अनुज खटीक ने युवाओं और समाज के सभी वर्गों से नियमित रक्तदान करने की अपील की, जिससे जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके और जीवन बचाया जा सके। विधायक पुत्र अनुज खटीक ने कहा कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान एक सुरक्षित प्रक्रिया है और इसे हर स्वस्थ व्यक्ति नियमित रूप से कर सकता है। इस प्रकार, रक्तदान से न केवल दूसरों की मदद होती है, यह दानकर्ता के स्वास्थ्य के लिए भी यह लाभकारी है।

## स्वच्छता संदेश घर-घर पहुंचाकर आमजन को अभियान से जोड़ने की मुहिम

### स्वच्छता ही सेवा अभियान की तैयारी तेज, नगर पालिका में हुई बैठक, रूपरेखा तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया ने अभियान की रूपरेखा तय करने के लिए नगर पालिका परिषद कार्यालय में बैठक आयोजित की। यह बैठक अभियान के पांचवें दिन आयोजित हुई, जिसमें नगर के सभी सम्मानित पत्रकार, एनएसएस और एनसीसी के छात्र-छात्राएं तथा नगरीय क्षेत्र की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बहनें शामिल हुईं। बैठक में 25 सितम्बर को होने वाले स्वच्छता जन आंदोलन की विस्तृत चर्चा की गई। इस दिन एक साथ कई स्थलों पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को अधिक से अधिक संख्या में इस मुहिम से जोड़ना है, ताकि स्वच्छता के संदेश को हर घर तक पहुँचाया जा सके। बैठक के दौरान सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने पर जोर दिया। एनएसएस और एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे समाज में स्वच्छता का संदेश फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे। वहीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बहनों ने बच्चों और परिवारों के बीच जागरूकता अभियान चलाने की जिम्मेदारी लेने की बात कही। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया ने कहा कि 25 सितम्बर को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सामूहिक सफाई अभियान चलाया जाएगा, जिसमें नगर पालिका के सभी अधिकारी-कर्मचारी भी सक्रिय रूप से भाग लेंगे। उन्होंने अपील की कि जिलेवासी इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर स्वच्छता को आदत और जिम्मेदारी दोनों बनाएं।

## अभियान की शुरुआत का प्रतीक बना जंगबहादुर का बगीचा

**टीकमगढ़।** शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने की दिशा में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने एक और ठोस कदम बढ़ाया है। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नगर के वार्ड नंबर 9 स्थित स्वच्छता लक्षित इकाई जंगबहादुर का बगीचा साफ-सफाई कर नई ऊर्जा के साथ चमक उठा। जिस जगह पर पहले कचरे के ढेर और गंदगी का आलम था, वहां अब स्वच्छता की मिसाल कायम की गई है।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय स्वयं मौजूद रहे। उनके साथ नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया, वार्ड नंबर 9 के पार्षद मुन्नालाल साहू, नगर पालिका का अमला और बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे। कलेक्टर श्रोत्रिय की इस सक्रिय मौजूदगी ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ अभियान को और अधिक सशक्त बना दिया। कलेक्टर श्रोत्रिय ने मौके पर कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह जनभागीदारी का अभियान है। समाज के हर वर्ग को इसमें सक्रिय रूप से जुड़ना होगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों, वार्ड और मोहल्लों को साफ-सुथरा रखें और गंदगी फैलाने से बचें। गौरतलब है कि जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में प्रत्येक वार्ड से पार्षदों द्वारा 5-5 स्वच्छता लक्षित इकाई वाले स्थान चिन्हित किए गए हैं। इन स्थानों की साफ-सफाई 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत की जा रही है। इसका उद्देश्य उन जगहों को सुधारना है, जहां लंबे समय से गंदगी और कचरे का ढेर जमा हो चुका है।



जंगबहादुर का बगीचा इस अभियान की शुरुआत का प्रतीक बना है। साफ-सफाई के बाद यहां का दृश्य देखकर वार्डवासी प्रसन्न हो उठे और कलेक्टर के इस प्रयास की सराहना की। लोगों का कहना था कि प्रशासन की ऐसी पहल से न केवल वातावरण स्वच्छ होगा बल्कि लोगों में जिम्मेदारी की भावना भी बढ़ेगी। नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया ने बताया कि अभियान की रूपरेखा पहले ही तय कर ली गई है और प्रतिदिन अलग-अलग स्थानों पर कार्यवाही की जा रही है। वहीं पार्षद मुन्नालाल साहू ने कहा कि जब तक वार्डवासी खुद जिम्मेदारी नहीं लेंगे तब तक स्थायी परिवर्तन संभव नहीं है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की इस सक्रिय भागीदारी ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा को जिले का एक जनआंदोलन बना दिया है।

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर आयोजित

### 20 सितम्बर को जतारा और सरकनपुर में भी लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी.के. माहौर के मार्गदर्शन में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत जिले में लगातार स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कछौरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हटा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्देवगढ़ में शिविर लगाए गए। इन शिविरों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। साथ ही उच्च रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया, क्षय रोग, कुष्ठ रोग जैसे संचारी और गैर-संचारी



रोगों की जांच और उपचार सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। अभियान के तहत 20 सितम्बर 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जतारा में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। इसी दिन विकासखंड बल्देवगढ़ के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरकनपुर में भी स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों का लाभ उठाएँ और परिवार को स्वस्थ एवं सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

### विधानसभा में चलेगा विशेष पुनरीक्षण कार्य

## मास्टर ट्रेनरों ने दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गत दिवस अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संतोष बिटोलिया की मौजूदगी में विधानसभा क्षेत्र 145-बासौदा, तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा 145 बासौदा की उपस्थिति में मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के सम्बन्ध में तहसीलदार त्योंदा एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र 145-बासौदा को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया। साथ ही विधानसभा के समस्त मतदान केंद्रों के बूथ लेवल अधिकारियों (बी.एल.ओ.) का एक दिवसीय प्रशिक्षण विधानसभा के मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से तहसील कार्यालय बासौदा के पटवारी सभाकक्ष आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित बीएलओ को पुनरीरण कार्य हेतु आवश्यक दिशा निर्देश, प्रशिक्षण एवं मतदाता सत्यापन की जानकारी प्राप्त करने हेतु आवश्यक अनुलग्नक 1, 2 व 3 प्रदान किये गये।

यहां उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश की समस्त विधानसभा स्तर पर मतदाता सूची का विशेष गहन संक्षिप्त पुनरीक्षण वर्ष 2003 की मतदाता सूची के अनुसार किया जाना है। जिसके लिए रिटर्निंग अधिकारी के निर्देश पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और बीएलओ को इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

#### शिवसेना ने आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने सौंपा ज्ञापन

**गंजबासौदा।** गुरुवार को शिवसेना ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें नगर में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों और अव्यवस्थाओं पर अंकुश लगाने की मांग की गई है। शिवसेना ने आबकारी ठेकों के नियमों का पालन न होने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि ठेकों के सामने लोग खुलेआम शराब पीते हैं, जिससे आम जनता और राहगीरों को परेशानी होती है। विशेषकर हरदुखेड़ी स्थित ठेके पर शाम होते ही भीड़ लग जाती है, जिससे स्थानीय निवासी असुरक्षित महसूस करते हैं। संगठन ने शहर की नगरीय सीमा में सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की। जिससे शहर में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी और आपराधिक घटनाओं के बाद अपराधियों को पकड़ने में आसानी होगी। शिवसेना ने शहर में बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की तैनाती की मांग भी की। ज्ञापन में शहर की सभी बैंकों में पर्याप्त सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात भी कही गई। इसके अतिरिक्त, सभी स्कूलों में ऑटो चालकों और स्कूल वाहनों का सत्यापन करने तथा चालकों को स्कूल का पहचान पत्र जारी करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। संगठन ने बरेठ रोड स्थित एसजीएस कॉलेज, धर्म कांटा, काली पठार और लाल पठार जैसे स्थानों को नशेड़ियों का अड्डा बनने से रोकने की अपील की। शिवसेना ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आगामी समय में आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस मौके पर शिवसेना के बृजेंद्र लोधी, जित्तू कुशवाहा, अनुज प्रताप, गोविंद विश्वकर्मा, राजा राजपूत सहित कई लोग मौजूद थे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ (म.प्र.)**

Email - cmoTikamgarh@mpurban.gov.in Phone-07683-245323

क्रमांक/4611/न.पा./निर्माण/2025 :: ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना :: टीकमगढ, दिनांक 17/09/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_452556_1 18/09/2025 को प्रातः 05.00 बजे से | वार्ड नं. 25 में विभिन्न स्थानों पर सी.सी रोड एवं नाली निर्माण कार्य । | 3 माह 403919.00 | 2000 4039 | 06.10.2025 को सांय 05.30 बजे तक |
| 2 | 2025_UAD_452557_1 18/09/2025 को प्रातः 05.00 बजे से | वार्ड नं. 25 में विभिन्न स्थानों पर आर.सी.सी रोड नाली निर्माण कार्य । | 3 माह 398233.00 | 2000 3982 | |
| 3 | 2025_UAD_452558_1 18/09/2025 को प्रातः 05.00 बजे से | वार्ड नं. 05 में सिंचाई विभाग कॉलोनी में मुलू कुशवाहा के घर से करन कुशवाहा के घर तक सी.सी रोड एवं नाली निर्माण कार्य । | 3 माह 424856.00 | 2000 4248 | |

1. मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय का पत्र क्रं./ एफ.237/2024/18-2 भोपाल दिनांक 09.09.2024 प्रभावशील रहेगा जो कि निविदा एवं अनुबंध का भाग है।

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद टीकमगढ़
जिला-टीकमगढ़ (म.प्र)

### ऊंट के मुंह में जीरा कहावत ही चरितार्थ हुई प्रशासन की खाद उपलब्धता

# विजयपुर में खाद नहीं मिलने से भड़के किसान,क्वारी पुल पर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सप्ताह भर पहले खाद की समस्या को लेकर आक्रोशित हुए किसानों द्वारा विजयपुर के खाद वितरण केंद्र पर पत्थरबाजी कर दी थी। इसके बाद प्रशासन ने किसानों को मांग अनुसार खाद उपलब्ध कराए जाने का प्रेस नोट जारी किया था। लेकिन वह प्रेस नोट शुक्रवार को तब शगूफा दिखाई पड़ा जब खाद नहीं मिलने से आक्रोशित किसानों ने हंगामा करते हुए विजयपुर स्थित क्वारी नदी के पुल पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा द्वारा दिए आश्वासन के बाद किसान जाम खोलने पर राजी हुए। इस दौरान पुल के दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लग गई।

यूरिया और डीएपी खाद की कमी और कालाबाजारी से जूझ रहे विजयपुर क्षेत्र के किसानों ने शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे क्वारी नदी के पुल पर चक्काजाम कर दिया। अचानक हुए इस जाम से दोनों ओर से आने-जाने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह ठप हो गया। किसानों का कहना था कि वे सुबह से ही खाद लेने के लिए लाइन में लगते हैं, बावजूद इसके उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है। किसानों को खाद नहीं मिलने से अधिक मिल रहे झूठे आश्वासन से आक्रोश अधिक देखा गया। किसानों का आरोप है कि खाद वितरण में अव्यवस्था के कारण उन्हें बार-बार लौटना पड़ रहा है। किसानों ने यह भी कहा कि एक टोकन पर मात्र दो कट्टे डीएपी खाद मिल रहा है, जो उनकी आवश्यकताओं के लिए बिल्कुल पर्याप्त नहीं है। आगामी रबी सीजन की हो चुकी बुवाई के रकबे प्रशासन के पास मौजूद खाद ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहा है। मौके पर पहुंचे एसडीएम द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद किसान जाम खोलने पर राजी हुए।



### 90.465 मीट्रिक टन खाद उपलब्ध

जिला विपणन अधिकारी सतेन्द्र सिंह ने बताया कि विपणन संघ के श्योपुर, बडौदा, विजयपुर केन्द्रों पर 90.465 मैट्रिक टन यूरिया, 8.75 मैट्रिक टन डीएपी, 1850 मैट्रिक टन एनपीके, 73.8 मैट्रिक टन सुपर फास्फेट तथा 40.4 मैट्रिक टन पोटाश की उपलब्धता है जिसमें से एक सप्ताह में किसानों को मांग अनुसार वितरण किया जा चुका है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि खरीफ सीजन हेतु श्योपुर जिले में 01 अप्रैल से 15 सितंबर 2025 तक 22 हजार 124 मैट्रिक टन यूरिया, 9 हजार 8 मैट्रिक टन डीएपी, 6 हजार 334 मैट्रिक टन एसएसपी, 78 मैट्रिक टन एमओपी, 6 हजार 545 मैट्रिक टन एनपीके का वितरण किसानों को किया गया है। इस प्रकार खरीफ सीजन में 15 सितंबर तक 44 हजार 89 मैट्रिक टन खाद का वितरण कर दिया गया है। 500 मैट्रिक टन डीएपी और 425 मैट्रिक टन एनपीके भी प्राप्त हो चुकी है।

### अधिक कीमत पर खाद बेचने पर एफआईआर

वीरपुर में जय किसान सेवा केन्द्र वीरपुर फर्म के संचालक अभिषेक बंसल पर निर्धारित स्थान पर भण्डारण न रखने एवं अधिक कीमत पर विक्रय किये जाने के मामले में उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 3, 4, 8, 35 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत वीरपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। बता दें कि कृषि विकास अधिकारी विजयपुर विष्णु राठौर ने अधिक कीमत पर खाद बेचने की शिकायत पर वीरपुर स्थित उर्वरक विक्रेता जय किसान सेवा केन्द्र प्रोपराइटर अभिषेक बंसल की फर्म का औचक निरीक्षण किया,जहां उर्वरक भण्डारण लाईसेंस की स्वीकृति के स्थान पर न होकर दूसरे दुकान पर पाया गया तथा 148 बैग एनपीके, 178 बैग एसएसपी एवं 4 बैग डीएपी के पाये गये, जिनकी अनुमानित राशि 2 लाख 99 हजार 820 रूपये है, फर्म पर भाव सूची बोर्ड नही पाया गया, उक्त उर्वरको को जब्त कर सैम्पल भी लिये गये है। इस मामले में दो किसानों द्वारा कथन दिये गये कि जय किसान सेवा केन्द्र वीरपुर द्वारा डीएपी उर्वरक निर्धारित कीमत से अधिक दर पर विक्रय किया जा रहा है। वीरपुर थाना प्रभारी भारत सिंह गुर्जर ने बताया कि इस मामले में कृषि विकास अधिकारी विष्णु राठौर की रिपोर्ट पर अभिषेक बंसल पर एफआईआर दर्ज की गई है।

**इनका कहना है...**

खाद की कमी को लेकर किसानों ने क्वारी नदी पुल पर जाम लगा दिया था जिसे खुलवा दिया गया है। खाद की कमी नहीं है लेकिन अधिक संख्या में किसानों द्वारा एक साथ आ जाने से व्यवस्था बिगड़ी है सभी को कूपन वितरण कर खाद बंटवाया जाएगा। सोमवार को और अधिक खाद आ रहा है कोई भी किसान खाद से वंचित नहीं रहेगा हमने किसानों से अनुरोध किया है कि वह व्यवस्थाएं बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।

**अभिषेक मिश्रा**
**एसडीएम विजयपुर**

### ढोटी बगवाडा के पास जुलाई माह में क्षतिग्रस्त हो गई थी चंबल नहर

# चंबल नहर की मरम्मत का काम तेज, एसडीओ बोले अक्टूबर के प्रथम सप्ताह तक पूरा हो जाएगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



ढोटी के पास क्षतिग्रस्त हुई चंबल दाहिनी मुख्य नहर की मरम्मत किए जाने का काम शुरू हो गया है। निर्माण एजेंसी ने अपने निर्माण अमले के मौके पर उतारकर नहर की मरम्मत का काम तेज करवा दिया है। उधर जल संसाधन विभाग के ढोटी एसडीओ आरएन तिवारी दावा कर रहे हैं कि चंबल नहर की मरम्मत का काम अक्टूबर के प्रथम सप्ताह तक कंप्लीट कर दिया जाएगा। किसानों को सिंचाई के लिए समय पर नहर का पानी मिल जाएगा।

बता दें कि जुलाई माह में चंबल दाहिनी मुख्य नहर ढोटी बगवाडा गांव के पास तब फूट गई,जब 35 गांवा की नहर परियोजना की टेस्टिंग के लिए चंबल नहर में कोटा बैराज से पानी छोड़ा गया था। इससे आसपास के खेत नहर का पानी भरने से जलमग्न हो गए थे। इसके बाद जल संसाधन विभाग के द्वारा चंबल नहर की मरम्मत के लिए भेजे गए प्रस्ताव पर शासन ने 30 लाख 78 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गई और सबलगढ के ठेकेदार को मरम्मत किए जाने का जिम्मा टेंडर खोलकर दिया गया। एसडीओ ढोटी आरएन तिवारी ने बताया कि क्षतिग्रस्त चंबल नहर की मरम्मत का काम बारिश के कारण देरी से आरंभ हुआ है, लेकिन अब तेजी के साथ मरम्मत का काम किया जा रहा है। किसानों को जब तक सिंचाई के लिए नहर की पानी की जरूरत पड़ेगी, तब तक चंबल नहर की मरम्मत का काम पूरा हो जाएगा। पूरी उम्मीद है कि अक्टूबर के प्रथम सप्ताह तक मरम्मत का काम कंप्लीट कर दिया जाएगा।

# स्वदेशी अपनाएंगे, देश को सशक्त बनाएंगे : पाराशर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से खादी ग्रामोद्योग आयोग ने खादी महोत्सव प्रारंभ कर दिया है। इसी क्रम में महात्मा गांधी सेवाश्रम द्वारा 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक यह अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत श्योपुर जिले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को स्वदेशी अपनाने के प्रति जागरूक किया जाएगा। शुक्रवार को बडौदा स्थित चंद्र सागर तालाब पर खादी महोत्सव मनाया गया, जिसमें उपस्थित शिक्षकों सहित अन्य लोगों को महात्मा गांधी सेवा आश्रम के खादी भण्डार प्रबंधक शैलेन्द्र पाराशर ने खादी की जानकारी देते हुए कहा कि खादी हमारा देश का स्वदेशी वस्त्र हैं इसको सभी को अपनाना चाहिए जिससे देश सशक्त बनेगा इसी के साथ सभी शिक्षकों को शपथ भी दिलाई कि हम सब स्वदेशी अपनाएंगे और देश को सशक्त बनाएंगे।

# अजीबो गरीब घटना: मां को सांप ने डसा स्तनपान से हुई दूधमुंहे बेटे की मौत

### ग्रामीणों का दावा झड़फूंक से बची सर्प दंश से पीड़ित महिला की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बीती रात एक अजीबो गरीब घटना तब घटित हुई जब जिला अस्पताल में मरणासन्न हालत में लाए गए करीब सालभर के दूधमुंहे बच्चे को इलाज़ के दौरान बचाया नहीं जा सका। परिजनों का कहना था कि बच्चे की मां को सांप ने डस लिया था और उसी अवस्था में मां ने बच्चे को स्तनपान कराया जिससे सर्प का जहर दूध के माध्यम से बच्चों के शरीर में चले जाने से उसकी मौत हो गई। जिस महिला को सर्प ने काटा है उसे झाड़ फूंक कर बचाए जाने का दावा ग्रामीण कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार ग्राम जैनी निवासी कमलेश बाई नामक महिला को काम करते समय एक सर्प में काट लिया। महिला कमलेश ने इसे गंभीरता से लेने के बजाए हल्के में लिया और 15 से 20 मिनट अपने दुधमुंहे बेटे को स्तनपान कराने लगी। स्तनपान कराते कराते कमलेश बेहोश हो गई जिसे परिजन तेजाजी का भोपा के पास मानपुर ले गए जिसने झाड़ फूंक कर (हरिभूमि इसकी पुष्टि नहीं करता) ठीक कर दिया लेकिन जब वह घर वापस लौटी तब बेटा बेहोश मिला तो उसे भी तेजाजी का भोपा के पास ले गए पर भोपा ने यह कहते हुए मना कर दिया कि इसके शरीर में जहर फैल गया है। इसके बाद बच्चे को जिला अस्पताल लाया गया जहां इलाज़ के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका।



**इनका कहना..**

बच्चों को जब लाया गया था तो उसकी हालत बहुत खराब थी। ऐसा भी हो सकता है कि उसे सांप ने काटा हो जिससे उसकी मौत हुई है। बिसरा लैब में भेज दिया है जांच आने पर कुछ बताया जाएगा।

**डॉ संजय मंगल**
**शिशु रोग विशेषज्ञ जिला अस्पताल**

# रायपुरा की वेदिका नागौर से करेगी डॉक्टरी की पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जिला मुख्यालय के नजदीकी गांव रायपुरा की बेटी वेदिका माहौर का डॉक्टर की पढ़ाई करने के लिए सलेक्शन हो गया है। अब राजस्थान के नागौर जिले से डॉक्टर की पढ़ाई करेगी। इसको लेकर पूरे रायपुरा गांव सहित वेदिका के नाते रिश्तेदार और समाजीय लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बहुत सारी शुभकामनाएं दी है। दरअसल रायपुरा निवासी बालिका वेदिका माहौर गोविंद माहौर की बेटी और परसराम माहौर की पौती है। एमबीबीएस की पढ़ाई करने के लिए वेदिका को राजस्थान के नागौर का मेडिकल कॉलेज मिला है। इसलिए अब वेदिका नागौर जाकर पढ़ाई करते हुए अपने डॉक्टर बनने के सपने को साकार करेगी।

### फोर्सली सीएम हेल्पलाइन काटने की शिकायत

**श्योपुर।** मानपुर में शासकीय भूमि को खुर्दबुर्द करने की शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाए लगाई गई सीएम हेल्पलाइन को अफसरों द्वारा फोर्सली बंद कर देने की शिकायत कलेक्टर अर्पित वर्मा को संबंधित ने आवेदन देकर की है। आवेदन कर्ता लक्ष्मीकांत सोनी ने कलेक्टर को बताया कि मानपुर बस स्टैंड के पास में बैश कीमती सरकारी जमीन पर राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की साठ गांठ से दबंगों ने कब्जा कर कूट रचित दस्तावेजों के माध्यम से अपने नाम चढ़वा लिए थे इसकी शिकायत करने पर शिकायत सहित पाई गई पर संबंधितों पर कार्रवाई नहीं की गई जिसकी शिकायत करने के बाद भी सुनवाई नहीं हुई तो आवेदक ने सीएम हेल्पलाइन लगा दी लेकिन दो बार आवेदक से पूछे बिना सीएम हेल्पलाइन काट दी गई।

# संकुल प्रिंसिपल ने किया रामबाड़ी स्कूल का निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा जिले का शैक्षणिक स्तर ऊंचा उठाने की गरज से दिए गए निर्देशों के क्रम में शुक्रवार को शासकीय श्री हजारेश्वर स्कूल श्योपुर के संकुल प्रिंसिपल मनोज पाराशर ने सोंईकलां प्राचार्य अनिल भदौरिया के साथ रामबाड़ी के सरकारी मिडिल स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण और विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति का आंकलन करते हुए शाला प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान संकुल प्रिंसिपल के विद्यालय के संस्था प्रधान रामकैलाश गुर्जर को स्कूल परिसर की साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक कक्षा में पहुंचकर बच्चों से उनका शैक्षणिक स्तर जाना। इस दौरान उन्होंने बनते हुए मध्यान्ह भोजन को चैक किया और मध्यान्ह भोजन निरीक्षण के दौरान शनिवार को कम पुड़ी बांटने की शिकायत प्राप्त हुई। जिस पर जयगुरुदेव स्व-सहायता समूह को निर्देश दिए कि शासन द्वारा खाधान्न बराबर मात्रा में प्राप्त होता है। इसलिए निर्धारित मीनू अनुसार मध्यान्ह भोजन बनाया जाए।

# कराहल अस्पताल में लगा रक्तदान शिविर बीएमओ सहित 28 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में जारी सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कराहल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में आयोजित इस शिविर में ब्लॉक मेडिकल आफिसर डॉ सौरभ सिंह सहित 28 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर एसडीएम बीएस श्रीवास्तव, पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरनाथ देवरिया, एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना, सीएमएचओ डॉ दिलीप सिंह सिकरवार, तहसीलदार रोशनी शेख, टीआई यासमीन खान, रेडक्रॉस सचिव दिनेश दुबोलिया, रक्तदान अभियान से जुडे महावीर गुप्ता, सोनू मुदगल, बृजेन्द्र सोंलकी, फेरन यादव, भीमसेन यादव, प्रहलाद सिकरवार, विनोद शर्मा, हरेन्द्र राजावत आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर रक्तदाताओं को प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर तीन सदस्यीय समिति ने कंप्लीट की जांच

# कलेक्टर के पास पहुंची सलमानिया सिरसोद सड़क की जांच रिपोर्ट, अब गिरेगी कार्रवाई की गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बड़ौदा तहसील के अंतर्गत आने वाले सलमानिया सिरसोद गांव के बीच 3 करोड़ 2 लाख रुपए से अधिक लागत से बनी सड़क के घटिया निर्माण की पोल पिछले दिनों बारिश के दौरान खुल कर सामने आ गई। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा इस सड़क के घटिया निर्माण को लेकर गहरी नाराजगी जताते हुए इस सड़क की जांच करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर के निर्देश पर इस सडक निर्माण की जांच करने के लिए मौके पर पहुंची तीन सदस्यीय जांच समिति ने सड़क निर्माण की बारिकी से जांच करने के बाद उसकी रिपोर्ट तैयार कर ली और उसे कलेक्टर कार्यालय में जमा भी करा दिया है। विभागीय सूत्र बता रहे है कि इस जांच रिपोर्ट के बाद अब इस घटिया सड़क निर्माण मामले में दोषी ठेकेदार सहित अन्य जिम्मेदारों के खिलाफ कभी भी कार्रवाई की गाज गिर सकती है।

यहां बता दें कि 4 किलोमीटर लंबी सिरसौद से सलमानिया सडक का निर्माण 3 करोड़ 2 लाख रूपए की लागत से किया गया था। लोक निर्माण विभाग इस सडक की निर्माण एजेंसी था। यह सडक इस साल बारिश में क्षतिग्रस्त होकर बह गई। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने इस सडक के घटिया निर्माण की शिकायत कलेक्टर अर्पित वर्मा से भी की गई। साथही यह भी शिकायत की थी कि ठेकेदार के द्वारा सडक का निर्माण न केवल घटिया तरीके से किया गया,बल्कि काम भी पूरा न करते हुए राशि का पूरा आहरण भी कर लिया गया है। इस शिकायत की सत्यता जांचने के लिए कलेक्टर अर्पित वर्मा ने 6 अगस्त को पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर मानसिंह व अन्य अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर सडक का निरीक्षण किया। पहली ही नजर में कलेक्टर को सडक घटिया निर्माण स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। एस्टीमेट के अनुसार दो पुलिया बनी हुई थी जिनमें से एक पुलिया का निर्माण तो ठेकेदार ने किया ही नहीं जबकि जो एक पुलिया बनाई गई है वह भी बारिश में बह गई है और फर्जी बिल बनाकर पुलिया निर्माण की राशि निकालने की बात भी सामने आई। इस पर कलेक्टर ने नाराज़गी जताते हुए पीएमजीएसवाय के जीएम सत्येंद्र चौहान की अगुवाई मे तीन सदस्यीय जांच समिति बनाते हुए इसकी जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

मामला दिसंबर 2023 में सिरसौद से सलमानियां तक बनी सड़क का

**गारंटी अवधि में ही दो जगह से उखड़कर बह गई 3 करोड़ की सड़क, खुली घटिया निर्माण की पोल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर





सिरसौद से सलमानियां तक बनी सडक के घटिया निर्माण की पोल तब खुलकर सामने आ गई, जब पिछले दिनों हुई बारिश के दौरान यह सडक दो जगह से उखडकर बह गई। जिसकारण क्षेत्र के ग्रामीणों को इस सडक से गुजरने में खासी असुविधा हो रही है। उधर क्षेत्र के लोग इस सडक निर्माण को घटिया बताते हुए इसकी गुणवत्ता की जांच करवाए जाने और सडक को जल्द ठीक कराए जाने की मांग उठा रहे है। अब देखने वाली बात यह होगी कि जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी ग्रामीणों की मांग पर कितने गंभीर होते हैं।

क्षेत्रीय के ग्रामीणों ने बताया कि सिरसौद से सलमानियां तक पक्की सडक न होने के कारण शासन के द्वारा यहां सडक निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है और करीब 4 किलोमीटर लंबी इस सडक के निर्माण के लिए 3 करोड 02 लाख रूपए से अधिक की राशि मंजूर की गई है। वर्ष 2023 में लोक निर्माण विभाग ने विधिवत टेंडर जारी करते हुए इस सडक का निर्माण करवा दिया गया। 20 अप्रैल 2023 को सडक का निर्माण शुरू करने वाले ठेकेदार के द्वारा 14 दिसंबर 2023 तक सिरसौद से बंजारा बस्ती होते हुए सलमानियां तक सडक का निर्माण कंपलीट कर दिया। पिछले साल ही इस सडक पर लोगों की आवाजाही शुरू की गई।

किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला सहित अन्य कई ग्रामीणों ने बताया कि सडक निर्माण के दौरान गुणवत्ता की अनदेखी करते हुए घटिया तरीके से सडक बनाई गई है। जिसका परिणाम दो तीन दिन पहले हुई इस क्षेत्र में हुई बारिश के दौरान तब सामने आ गया,जब यह सडक दो स्थानों से टूटकर बह गई। जबकि इस सडक की गारंटी अवधि वर्ष 2029 तक निर्धारित है। इसलिए सडक के टूटे हुए हिस्से की मरम्मत को सडक निर्माण करने वाला ठेकेदार कर देगा। लेकिन लोग सवाल उठा रहे है कि अभी तो बारिश का दौर शुरू ही हुआ है,उसके पहले ही सडक की यह स्थिति हो गई, लेकिन जुलाई और अगस्त माह के दौरान जब झमाझम बारिश का दौर चलेगा,तब इस सडक की स्थिति क्या होगी, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। इस संबंध में एडीएम अतेन्द्र सिंह गुर्जर का कहना है कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करेंगे कि सडक निर्माण की जांच करवाते हुए उसमे सुधार के लिए कार्रवाई की जाए।

**इधर गड्ढों में गुम हो गई सड़क, पैदल चलना भी मुश्किल**

श्योपुर। यू तो बडौदाराम से सीसवाली तक प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना विभाग की डामरीकृत सडक बनी हुई है लेकिन वर्तमान में इस सडक पर इतने गड्ढे हो गए है कि सडक ही नजर नहीं आती है। गड्ढो में भरे पानी को देखकर ऐसा लगता है कि यह सडक नहीं बल्कि दरिया है। जिसकारण ग्रामीणों को पैदल चलने में खासी परेशानी भोगनी पड रही है। मगर जिम्मेदार विभागीय अधिकारी इस दिशा में मौन साधे हुए नजर आ रहे है। जिससे ग्रामीणों की परेशानी घटने के बजाए और बढती जा रही है। श्योपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बडौदाराम से सीसवाली तक प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अंतर्गत डामरीकृत सडक बनी हुई है। जब सडक बनी,तब क्षेत्र के ग्रामीणों का सफर भी सुगम हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि सडक निर्माण के दौरान ठेकेदार के द्वारा गुणवत्ता की अनदेखी की गई। जिस कारण सडक उखडना शुरू हो गई है और धीरे धीरे सडक पर कई जगह गड्ढे हो गए है। गड्ढो में पानी भरने से यह सडक कई जगह दरिया बनी हुई नजर आती है। जिससे ग्रामीणों का पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। सबसे ज्यादा उन स्कूली बच्चो को आ रही है,जो इस सडक से होकर प्रतिदिन स्कूल पहुंचते है। ग्रामीणों का कहना है कि इस सडक के किनारे रखी बिजली की डीपी को हादसे का सबब बन सकती है। क्योंकि लोग गड्ढो से बचने के लिए जिस किनारे से निकलते है,उस किनारे पर ही यह बिजली डीपी रखी हुई है। जिससे कभी कोई राहगीर भी इस डीपी से निकले करंट की चपेट में आ सकता है। ग्रामीणों ने इस तरफ जिम्मेदारों का ध्यान दिलाते हुए सडक की दयनीय स्थिति में सुधार करवाए जाने की मांग की है।

### हरिभूमि ने उठाया मामला

दरअसल सिरसोद से सलमानिया गांव तक बनी 4 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण ठेकेदार ने 20 अप्रैल 2023 से शुरू किया था तथा 14 दिसंबर 2023 को सडक का निर्माण कंप्लीट कर दिया गया और इसके बाद सड़क पर वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी। इस सड़क के घटिया निर्माण को हरिभूमि ने उठाते हुए इस मामले में एक खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी।

### जांच के दौरान साफ नजर आया घटिया निर्माण

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर पीएमजीएसवाय के जीएम सत्येन्द्र चौहान की अगुवाई में तीन सदस्यीय जांच समिति ने मौके पर पहुंचकर सडक निर्माण की जांच पडताल की। इस टीम में एमपीआरडीसी के एजीएम सुनील पुआरे, जल संसाधन विभाग के सहायक यंत्री शुभम गर्ग भी शामिल थे। सूत्र बता रहे है कि इस तीन सदस्यीय समिति को जांच के दौरान सडक का घटिया और आधा अधूरा निर्माण साफ तौर पर दिखाई दिया। जांच समिति ने इस सडक निर्माण की जांच की कार्रवाई को कंपलीट करके उसकी रिपोर्ट को कलेक्टर कार्यालय में जमा करवा दिया है। बताया गया है कि अब इस मामले में कलेक्टर के निर्देश पर ठेकेदार सहित अन्य जिम्मेदारों पर कार्रवाई लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा की जाएगी।

**इनका कहना है...**

सलमानिया सिरसोद सड़क निर्माण की जांच के दौरान क्या मिला, इस बारे में हम आपको कुछ नहीं बता सकते। हमने मामले की जांच कंप्लीट करके उसकी रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय में जमा करवा दी है।

**सत्येन्द्र चौहान**
**महाप्रबंधक, पीएमजीएसवाय श्योपुर**

सड़क का निर्माण कितना घटिया स्तर से किया गया है, इसका पता सड़क निर्माण का स्थल देखकर साफ दिख रहा है। इस मामले में घटिया सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार सहित इसमें शामिल रहे विभागीय अधिकारियों पर भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। तभी सड़कों के घटिया निर्माण की स्थितियां पर रोक लग पाएगी।

**राधेश्याम मीणा**
**किसान नेता मूंडला**

### नाबालिग से दुष्कर्म, जीजा साले पर एफआईआर

**श्योपुर।** गसवानी थाना क्षेत्र में एक 17 साल की नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने जीजा साले पर दुष्कर्म का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित बालिका जब देर शाम को शौच के लिए घर से बाहर गई थी, तभी घात लगाए बैठे जीजा साले ने पीड़िता को दबोच लिया और फिर उसे एक खेत में ले गए, जहां बालिका के साथ संतोष जाटव निवासी पटेवरी जिला शिवपुरी ने दुष्कर्म किया। जबकि संतोष का जीजा अर्जुन जाटव निवासी सहसराम पहरेदारी करता रहा। किसी तरह उनके चंगुल से छूट कर घर पहुंची पीड़िता ने घर वालों को घटना बताई। इसके बाद गसवानी थाने पहुंचकर जीजा साले पर एफआईआर दर्ज कराई। एसडीओपी राघवेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# सोंईकलां पहुंचे डीपीसी देखे पोलिंग बूथ और स्कूल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नवागत डीपीसी भूपेन्द्र कुमार शर्मा शुक्रवार को सोंईकलां पहुंचे, यहां उन्होंने एकीकृत शाला शासकीय माध्यमिक विद्यालय सोंईकलां का निरीक्षण किया और पुस्तक वितरण सहित बच्चों की पढाई की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान स्कूल प्रभारी अशोक शर्मा को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथही यहां स्कूलों में बनाए गए पोलिंग बूथों का भी निरीक्षण किया।

### बारिश में तिरपाल या पॉलीथिन के नीचे खड़े होकर करना पड़ता है अंतिम संस्कार

# ग्राम पंचायत दिदावली के श्मशान घाट की न छत पर टीन है और न पहुंचने के लिए सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

करैरा जनपद के अंतर्गत आने वाली दिदावली ग्राम पंचायत में स्थित एकमात्र श्मशान घाट की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि यह ग्रामीणों के लिए नर्क जैसी पीड़ा का कारण बन गया है। पुराने इतिहास वाले इस गांव में, जहां आबादी करीब 2,000 से अधिक है, श्मशान घाट पर न तो कोई छत है और न ही बैठने की कोई व्यवस्था। खासकर मानसून के मौसम में, जब मूसलाधार बारिश होती है, तो यहां अंतिम संस्कार करने वाले परिवारों को असहनीय कष्ट झेलना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि त्रिपाल या पॉलीथीन की आड़ में शव को जलाने का काम चलता है, लेकिन यह अस्थायी उपाय भी अपर्याप्त साबित होता है। बीते दिनों एक घटना ने तो सबकी रूह कांप दी, जब एक महिला के अंतिम संस्कार के दौरान परिजनों को हाथों से पॉलीथीन थामे रहना पड़ा, ताकि बारिश का पानी शव पर न गिरे। यह दृश्य न केवल दुखद है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं की भी परीक्षा लेता है। गांव के बुजुर्ग सीता राम ठाकुर बताते हैं, ह्लहमारे पूर्वजों ने इस जगह को पवित्र मानकर चुना था, लेकिन आज यह जगह अपमान का प्रतीक बन गई है।ह्व श्मशान घाट की यह दुर्दशा न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा रही है, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य को भी खतरे में डाल रही है, क्योंकि खुली जगह पर जलने वाले शवों से फैलने वाली गंध और धुआं आसपास के घरों तक पहुंच जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी योजनाओं के बावजूद, यहां का विकास पूरी तरह उपेक्षित रहा है। मध्य प्रदेश सरकार की हालिया घोषणा के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में हर ग्राम पंचायत में श्मशान घाटों का सुव्यवस्थित विकास किया जाना है, लेकिन दिदावली जैसे गांवों में यह योजना कागजों तक सीमित दिखाई दे रही है। यह स्थिति न केवल स्थानीय निवासियों की निराशा बढ़ा रही है, बल्कि पूरे क्षेत्र में एक उदाहरण प्रस्तुत करती है।





पहले फोटो अंतिम संस्कार बारिश में , दूसरे फोटो में श्मशान घाट जहा टीन शेड भी नहीं है

**इनका कहना है**

(1) बारिश के रुकते ही काम शुरू करवा देंगे एक सुन्दर श्मशान घाट का निर्माण होगा प्रस्ताव डलवा दिया है सारी व्यवस्था ग्रामीणों को मिलेगी

**पुष्पेंद्र जाटव** जनपद अध्यक्ष करैरा

(2) आपने बताया है हम दिखवा लेते है क्या स्थिति है जल्द काम करवा देंगे

**हेमंत सूत्रकार** जनपद सीईओ करैरा

## अंतिम संस्कार के समय न लोगो को बैठने की व्यवस्था है और ना ही शव को रखने की जगह

दिदावली ग्राम पंचायत के श्मशान घाट का बुनियादी ढांचा इतना जीर्ण-शीर्ण है कि यहां न तो कोई टीन की छत नजर आती है और न ही बैठने के लिए कोई पटरी या बेंच। अंतिम संस्कार के दौरान सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठा होते हैं, लेकिन उनके लिए कोई आश्रय स्थल नहीं है, जिससे वे घंटों खड़े रहने को मजबूर हो जाते हैं। सरकारी मानकों के अनुसार, हर श्मशान घाट पर न्यूनतम 500 वर्ग मीटर की जगह पर छत, बैठने की व्यवस्था और जलाशय होना अनिवार्य है, लेकिन यहां तो बेसिक सुविधाओं का भी अभाव है। ग्रामीण लल्ला राम ने बताया, ह्लजब शव जल रहा होता है, तो परिजन भावुक होकर रोते हैं, लेकिन बारिश की बूंदें उनके आंसुओं को मिला देती हैं। कोई जगह नहीं जहां वे शांति से बैठ सकें।ह्व यह कमी न केवल शारीरिक थकान बढ़ाती है, बल्कि मानसिक आघात को भी गहरा करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी जगहों पर अपर्याप्त ढांचा दुर्घटनाओं को न्योता देता है, जैसे फिसलन भरी जमीन पर गिरना या धुएं से सांस की समस्या। पंचायत स्तर पर उपलब्ध होने वाले 14वें वित्त आयोग के फंड्स से इन सुविधाओं को विकसित किया जा सकता है, लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण धन का दुरुपयोग हो रहा है। एक सर्वे के अनुसार, मध्य प्रदेश के 40 प्रतिशत ग्रामीण श्मशान घाटों में इसी तरह की समस्याएं हैं, जो राज्य सरकार की ह्लस्मार्ट विलेजह्व योजना को खोखला साबित करती हैं। दिदावली के युवा किसान मोहन सिंह कहते हैं, ह्लहम खेतों में दिन-रात मेहनत करते हैं, लेकिन मृत्यु के समय ऐसी सुविधा न मिले, तो जीवन का कोई मतलब नहीं रह जाता।

## श्मशान घाट का रास्ता खराब, शव ले जाने में आती है समस्या

श्मशान घाट तक पहुंचने वाला रास्ता इतना उबड़-खाबड़ और टूटा-फूटा है कि बारिश के दिनों में यह दलदल में बदल जाता है, जिससे शव के साथ पैदल आने वाले लोगों को भारी कठिनाई होती है। दिदावली ग्राम पंचायत का यह एकमात्र श्मशान घाट गांव के किनारे पर स्थित है, लेकिन बिना मरम्मत के रोड के कारण कई बार लोग गड्ढों में फस जाते हैं। जनपद प्रतिनिधि कोक सिंह परिहार ने बताया कि यहां हमारे एक मिलने वाले के अंतिम संस्कार में आया था बारिश हो रही थी मेरी बाइक गड्ढों में फस गई थी ह्व इसके साथ ही, श्मशान घाट की बाउंड्री दीवारें पूरी तरह ढह चुकी हैं, जिससे जंगली जानवरों का प्रवेश आसान हो गया है। यह स्थिति न केवल सुरक्षा को खतरे में डालती है, बल्कि पवित्रता को भी भंग करती है। मध्य प्रदेश पंचायत राज विभाग के दिशा-निर्देशों के मुताबिक, हर श्मशान घाट के चारों ओर कम से कम 4 फीट ऊंची बाउंड्री अनिवार्य है, लेकिन यहां तो कंक्रीट के टुकड़े बिखरे पड़े हैं। गांव के एक युवा राजेश कुमार बताते हैं, ह्लहमने कई बार प्रशासन को पत्र लिखे, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बाउंड्री न होने से कुत्ते शव के पास आ जाते हैं, जो डरावना होता है। ग्रामीणों की मांग है कि तत्काल रोड की मरम्मत और बाउंड्री निर्माण हो, ताकि पहुंच आसान बने और संस्कार सम्मानजनक तरीके से संपन्न हो सकें। यह मुद्दा न केवल स्थानीय है, बल्कि पूरे करैरा जनपद में समान समस्याओं को उजागर करता है।

### ग्रामीणों की बार-बार गुहार के बावजूद भी नहीं हुई सुनवाई

दिदावली ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने श्मशान घाट की दयनीय स्थिति के खिलाफ जनप्रतिनिधियों से लेकर जिला प्रशासन तक गुहार लगाई है, लेकिन कहीं से भी कोई राहत नहीं मिली। विधायक, सांसद, जिला पंचायत सदस्य और सरपंच सभी को ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन नतीजा शून्य रहा। राज्य सरकार की 5वें राज्य वित्त आयोग की योजना के तहत अधोसंरचना विकास के लिए पर्याप्त धन उपलब्ध है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया, ह्लजनप्रतिनिधि चुनाव के समय वादे करते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद नींद ही नहीं खुलती। हमारी आवाज दबा दी जाती है।ह्व इस उदासीनता का परिणाम यह है कि अन्य गांवों में जहां 2-3 श्मशान घाट विकसित हैं, वहीं दिदावली जैसे पुराने गांव उपेक्षित हैं। गांव की एक विधवा, ने बिना नाम बताये , भावुक होकर बताया कि ह्लमेरे पति के अंतिम संस्कार के समय हुई बारिश ने मुझे आज भी सताती है। अगर सुविधा होती, तो शायद दर्द कम होता।ह्व ग्रामीण अब सामाजिक कार्यकर्ताओं की मदद से उच्च न्यायालय का रुख करने की सोच रहे हैं। यह प्रशासनिक लापरवाही न केवल विश्वास को तोड़ रही है, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर कर रही है। तत्काल जांच और कार्रवाई की आवश्यकता है, ताकि ग्रामीणों का दर्द कम हो और श्मशान घाट एक सम्मानजनक स्थल बने।

### युवक ने एसपी से लगाई गुहार

# मेरी ताई रिश्तेदारों के साथ मिलकर झूठे केस में फंसवा सकती है मुझे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के ग्राम डामरोनकला के निवासी रोहित दुबे ने अपनी ताई संतोषी पत्नी महेश कुमार दुबे और उनके रिश्तेदारों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक शिकायती आवेदन प्रस्तुत किया है। रोहित ने बताया कि उनकी ताई ने उनके और उनके भाई मोहित शर्मा के खिलाफ झूठे केस में फंसाने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की साजिश रची है। यह मामला 10 सितंबर को हुई एक भूमि रजिस्ट्री से जुड़ा है, जिसमें संतोषी ने अपनी कृषि भूमि का हिस्सा रोहित और मोहित को बेचा था। रोहित का दावा है कि संतोषी ने पूर्ण भुगतान प्राप्त करने के बाद भी उन्हें बदनाम करने और झूठे आरोप लगाने की धमकी दी है। इस मामले में संतोषी के रिश्तेदारों बृजेश भार्गव (हिम्मतपुर), सीताराम मिश्रा (नौनेर) और प्रदीप शर्मा (सिरसोद) की भी संलिप्तता बताई गई है, जो लगातार धमकियां दे रहे हैं। रोहित ने पुलिस से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।

आवेदन के अनुसार, संतोषी ने सर्वे नंबर 723, 811, 816 (कुल रकबा 7.14 हेक्टेयर) में से 1/5 हिस्सा यानी 1.428 हेक्टेयर और सर्वे नंबर 716 (रकबा 1.90 हेक्टेयर) में से 1/5 हिस्सा यानी 0.38 हेक्टेयर में से 0.18 हेक्टेयर, कुल मिलाकर 1.608 हेक्टेयर भूमि का विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) रोहित और मोहित के नाम 10 सितंबर को किया। रजिस्ट्री की प्रक्रिया गवाहों उमेश प्रजापति और अभिषेक वंशकार की मौजूदगी में पूरी हुई, जिसमें संतोषी ने संपूर्ण विक्रय राशि प्राप्त कर ली और भूमि का कब्जा भी रोहित और मोहित को सौंप दिया। इसके बावजूद, संतोषी और उनके रिश्तेदार अब दावा कर रहे हैं कि उन्हें भुगतान नहीं मिला और वे रोहित व मोहित को झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। रोहित ने बताया कि यह साजिश उन्हें और उनके परिवार को सामाजिक रूप से अपमानित करने और मानसिक तनाव देने के लिए रची जा रही है। संतोषी और उनके सहयोगी कथित तौर पर झूठी पुलिस शिकायतें दर्ज कराने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि रोहित और उनके भाई को परेशान किया जा सके। रोहित ने यह भी आशंका जताई कि संतोषी स्वयं को नुकसान पहुंचाकर उन्हें फंसाने की कोशिश कर सकती हैं। रोहित ने पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर संतोषी व उनके रिश्तेदारों की झूठी शिकायतों पर कोई कार्रवाई न हो। उन्होंने यह भी मांग की है कि यदि उनके या उनके परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना के लिए संतोषी और रिश्तेदारों को जिम्मेदार होंगे।

# पति-पत्नी ने साथ में किया रक्तदान कहा-पितृ पक्ष में दान करना सर्वोपरि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस

गुरुवार को उप स्वास्थ्य केंद्र कोलारस में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य मातृत्व योजना के अंतर्गत स्वस्थ नारी स्वस्थ्य परिवार की संकल्पना को साकार करने हेतु रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शिवपुरी जिला सहित कोलारस अंचल का पूरा चिकित्सक अमला और महिला वाल विकास की सहायिका और कार्यकर्ता उपस्थित रही। रक्तदान के लिए नेशनल ब्लूड यूनिट वाहन कोलारस अस्पताल में इच्छुक व्यक्तियों के आवेदन भरकर उनसे रक्तदान कराने का कार्य पूरी यूनिट शिद्दत से करती नजर आई। कोलारस के उक्त योजना के तहत 17 लोगों के रक्तदान किया। सभी को प्रशंसा पत्र भी दिए गए। इस पुनीत कार्य में एडवोकेट विवेक व्यास और उनकी पत्नी प्रियंका व्यास ने एक साथ रक्तदान किया। विवेक व्यास ने कहा कि पितृ पक्ष में रक्तदान से बड़ा दान नहीं हो सकता इस कारण हमने साथ में रक्तदान किया है। पूरी व्यवस्थाएं सुचारू रहे और किसी को कोई परेशानी न हो इसके लिए पूरा अस्पताल प्रबंधन मुस्तैदी से कार्य कर रहा था।



## पुरानी रंजिश में युवक की हत्या के फरार तीन आरोपी गिरफ्तार, पीट पीट कर उतार दिया था मौत के घाट

**दिनारा।** थाना क्षेत्र के सलैया डामरौन गांव में 10 सितंबर की रात हुई युवक की हत्या मामले में पुलिस ने तीन फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर एससी-एसटी न्यायालय शिवपुरी में पेश किया गया है। गौरतलब है कि मृतक भाईसाहब जाटव (35) का गांव के ही रामनिवास पाल, चंदन पाल, दीपक पाल और प्रतिपाल पाल से पुराना विवाद चल रहा था। घटना वाले दिन भाईसाहब ने रामजीलाल पाल के पिता के बारे में आपत्तिजनक बातें कह दी थीं। इसी बात से नाराज होकर आरोपियों ने उसे अपने घर में रस्सी से बांध लिया और लाठी-कुल्हाड़ी से बेरहमी से पीटा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के पिता प्रभूदयाल जाटव की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया था। दिनारा थाना प्रभारी अमित चतुर्वेदी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन और एएसपी संजीव मुले व एसडीओपी करैरा डॉ. आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में 17 सितंबर को अशोक होटल दिनारा से आरोपी रामनिवास (37), चंदन (35) और दीपक (26) को गिरफ्तार किया गया है।

# केंद्रीय मंत्री से मिलकर बीएसएनएल और डाक व्यवस्था सुधारने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह ने केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से नई दिल्ली मंत्रालय में मुलाकात कर बीएसएनल एवं डाक व्यवस्था सुधारने की मांग रखी। जिला उपाध्यक्ष सिंह ने बीना सहित सागर जिले में बीएसएनल का 5 जी नेटवर्क एवं डाक व्यवस्थाओं के संदर्भ में महत्वपूर्ण मांग रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में बीएसएनएल नेटवर्क की गडबडी को दूर करने के लिए अतिरिक्त टावर लगाने एवं डाक संचार व्यवस्थाओं को सुधारने एवं अत्याधुनिक बनाने के लिए कारगर कदम उठाने की मांग रखी। साथ ही बीना क्षेत्र में रिफाइनरी प्रबंधन द्वारा स्थानीय व्यक्तियों को रोजगार नहीं दिए जाने के कारण रोजगार की तलाश में दर-दर भटक रहे लोगों को रोजगार दिलाने की भी मांग रखी।



# मंदिर में महिला मंडल जगा रहा रामधुन की अलख




**दिनारा।** कस्बे के प्राचीन शीतला माता मंदिर में महिला मंडल द्वारा देश मे विपत्तियां के चलते उन्होंने रामधुन जारी कर रखी है समस्त महिलाओ का एक ही उदेश है की भारत भूमि पर लोगो का धर्म के प्रति जागरूक करना भारत भूमि पर देवताओं ने जन्म लिया भारत की पावन भूमि मे धर्म के प्रति प्रत्येक भारतीय को सदैव अग्रसर रहना चाहिए विश्व में भारत भूमि से पवन भूमि कहीं पर नहीं है इस भूमि पर मृत लोगों को भी तर्पण किया जाता है जिसकी बदौलत आज भी इस भूमि पर देवी देवताओं की कृपा से बड़े-बड़े पंकर होते हैं जिसके चलते दिनारा नगर मे महिलाओ द्वारा रामधुन संचालित है।

# कचरे के ढेर में लगाई आग, धुंआ से शहर में प्रदूषण



बीना। एक साल बीत जाने के बाद भी शहर की सफाई व्यवस्था पटरी पर आने का नाम नहीं ले रही है। शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे है। जिन्हें उठाने के जगह उनमें आग लगाई जा रही है। जिससे उठने वाले धुएं से प्रदूषण फैल रहा है। गुरुवार की रात शास्त्री वार्ड स्थित निजी शादी गार्डन के बाजू से कचरे में आग लगा दी गई। जिससे आग की लपटों के साथ निकल रहे धुएं से लोग परेशान हुए। इस संबंध में सीएमओ विनय मिश्रा का कहना है कि रैमकी कंपनी कचरा उठा रही है। वह आग लगा कर अपना नुकसान क्यों करेगी। कचरे में आग पब्लिक के द्वारा लगाई जा रही है। कंपनी को डोर टू डोर 20 सितंबर से उठाएगी।

### मास्टर ट्रेनर ने बीएलओ को दिया प्रशिक्षण

# बीना ब्लॉक के 232 बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची करेंगे सत्यापन



**बीना।** विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य प्रारंभ हो गया है। इस अंतर्गत मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटि रहित बनाने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग द्वारा तय गाइडलाइन के अनुसार ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) और सुपरवाइजर्स को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण गर्ल्स कॉलेज में दिया गया, जिसमें मास्टर ट्रेनर संजय ताम्रकार और विवेक पाठक ने मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण में बताया गया कि वर्ष 2003 और 2023 की मतदाता सूची का तुलनात्मक अध्ययन कर आवश्यक जानकारी जुटानी होगी। इसके लिए आयोग ने तीन अलग-अलग फॉर्म तैयार किए हैं, जिन्हें दो दिनों के भीतर भरकर प्रस्तुत करना अनिवार्य रहेगा। बीएलओ और सुपरवाइजर्स मतदाता सूची से संबंधित त्रुटियों, मृतकों के नाम हटाने, स्थानांतरित मतदाताओं की जानकारी, नए नाम जोड़े जाने और पते में सुधार संबंधी विवरण दर्ज करना होगा। जानकारी के अनुसार बीना ब्लॉक के 232 मतदान केंद्रों पर कार्यरत 232 बीएलओ को इस प्रशिक्षण में शामिल किया गया। जो घरह्नघर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करें।

### ग्राम बरदौरा में जैविक खेती एवं स्वास्थ्य जागरुकता विषय पर ग्रामीणों को किया जागरूक

# मिट्टी को स्वस्थ रखने के लिए जैविक खाद जरूरी: नीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा अभियान के माध्यम से गोद ग्राम बरदौरा में जैविक खेती एवं स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर ग्राम वासियों से चर्चा की गई। कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर ने कहा कि कॉलेज ने ग्राम बरदौरा को गोद लिया है और हमारा दायित्व है कि शासन की योजनाओं को गांव तक पहुंचाएं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ उमा लवानिया ने ग्रामीणों से संपर्क कर कहा कि आपको जैविक खेती कृषि प्रणाली को अपनाना है। रासायनिक खाद का उपयोग नहीं करना है। रासायनिक खाद से उपजी फसल जीवन आयु को कम करती हैं। इसलिए हमें रासायनिक खाद से उपजी चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए। डॉक्टर आशीष गुप्ता ने कहा कि जैविक खेती पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य एवं किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार का महत्वपूर्ण जरिया है। इस बात की जागरूकता आप सभी को मिलकर पूरे गांव में फैलाना है। नामदेव ने खेती के कार्य में कीटनाशक एवं रासायनिक उर्वरकों से होने वाले नुकसान को समझाते हुए कहा कि आपको कंपोस्ट खाद, हरी खाद, गोबर खाद, केंचुआ खाद का उपयोग करके अच्छी एवं स्वस्थ फसल को उगाना है। नीता नामदेव ने कहा कि मिट्टी के स्वास्थ्य को उर्वरता प्रदान करने के लिए आपको जैविक खाद का उपयोग करना है। जैसे हमारे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार जरूरी है वैसे ही मिट्टी को स्वस्थ रखने के लिए जैविक खाद जरूरी है। ताकि स्वस्थ फसल तैयार हो सके। आरती ठाकुर ने कहा कि स्वास्थ्य जागरूकता पर दिशा निर्देश देते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए पोषक तत्वों से युक्त भोजन आपको करना है नियमित दिनचर्या, समय से प्रातः काल में उठना, समय से सोना एवं योग व भ्रमण करना चाहिए। कीर्ति ठाकुर ने कहा कि स्वास्थ्य एवं जैविक खेती एक दूसरे के पूरक हैं यदि हम जैविक खेती के माध्यम से फसल, सब्जी, फल उपजाएंगे और उनका सेवन करेंगे तो स्वस्थ रहेंगे। छात्रा दीपांशी विश्वकर्मा ने अपनी बात रखते हुए जैविक खेती के उद्देश्य बताए जानवरों की सुरक्षा, प्राकृतिक सुरक्षा, उपजाऊ मिट्टी बनाना आदि पर अपने विचार रखे। इसमें कॉलेज की छात्राएं एवं ग्रामीण जन कौशल्या, अनीता, ममता, बबली, रोहिणी, गोमती, गीता बाई, महेंद्र, भरत, मोनू, महेन्द्र, देवेंद्र उपस्थित रहे।



### ग्राम बेरखेडी टॉडा में स्वच्छता जागरुकता रैली का कार्यक्रम हुआ आयोजित

**बीना।** बीपीसीएल बीना रिफाइनरी के द्वारा आस-पास के क्षेत्रों में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत तीसरे दिन 19 सितंबर को ग्राम बेरखेडी टॉडा में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 60 बच्चों ने भाग लिया। ग्राम कठाई व पटकुई में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 70 बच्चों ने भाग लिया। वहीं ग्राम बम्होरी केला में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 80 बच्चों ने भाग लिया। इसके अलावा पिपारिया पूरन, किरोंद, धनोरा, आगासौद, पतरिया एवं मूडरी में बच्चों से स्वच्छता विषय पर चर्चा की गई। जिसमें लगभग 600 बच्चों ने भाग लिया। ग्राम देहरी में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अलावा ग्राम आगासौद में मेडिसिन रोग विशेषज्ञ द्वारा विशेष हेल्थ कैम्प का आयोजन किया। जिसमें 125 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।